हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 29 जुलाई 2025

11 महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं महिलाएं

12 योगासन चैंपियनशिप में लावण्या ने जीते दो गोल्ड

खबर संक्षेप

संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

झज्जर। क्षेत्र के गांव उखलचना कोट में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन पुत्र राजेंद्र के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार पवन अविवाहित था तथा शराब पीने का आदि था। वह बीते दिन भी अपने खेत से शराब पीकर घर लौटा था। उसके बाद अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई जिस कारण उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

झज्जर। पुलिस की एक टीम द्वारा जानलेवा हमला करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टॉफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई राजकुमार की टीम ने एक आरोपी को तीन दिन के प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गौरव निवासी अकेहडी मदनपुर जिला झज्जर के तौर पर की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इस्सरहेड़ी में सरपंच प्रतिनिधि पर हमला

बहादुरगढ़। गांव इस्सरहेड़ी में सरपंच प्रतिनिधि पर कुल्हाड़ी, डंडों से हमला करने और पिस्तौल लहरा कर धमकी देने का मामला सामने आया है। हमले में सरपंच प्रतिनिधि व दो अन्य लोगों को चोट आई। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है।शिकायतकर्ता अनिल का कहना है कि उसकी पत्नी गांव की सरपंच है। वह सरपंच संबंधित कामकाज संभालता है। रविवार को गांव में बिजली निगम के कर्मचारी बीपीएल कॉलोनी में तार व खंभे लगाने आए थे। वहां कुछ लोगों ने काम रुकवा दिया। इसके बाद बिजली निगम के कर्मचारियों ने मुझे अवगत कराया। मैं वहां आया और बातचीत की। इसी दौरान कुछ लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव के लिए मेरे भाई व अन्य आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। कुल्हाड़ी व डंडे से वार किए गए। एक शख्स ने हवा में पिस्तौल लहराकर धमकी भी दी। हमलावरों के जाने के बाद हमें अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

बारिश के बाद शहर में दूषित पेयजल की सप्लाई से बढ़ रहे हेपेटाइटिस के मरीज

■ शहर के सीताराम गेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में हो रही गंदे पानी की सप्लाई, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बारिश के बाद शहर के सीतराम गेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। जिसका सीधे तौर पर असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दूषित पेयजल के सेवन करने से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे हो रहे है। नागरिक अस्पताल सहित निजी अस्पतालों व क्लीनिकों में हेपेटाइटिस यानि पीलिया रोग से लोग पीड़ति हो रहे है। लोग वायरल बुखार, पेट दर्द, पूरे बदन में दर्द से परेशान है। गंदे पानी का सेवन करने और संतुलित आहार का प्रयोग न करने के कारण लोग हेपेटाइटिस के शिकार हो रहे है। इस बीमारी का सीधा असर लीवर पर होता है। जोकि काफी खतरनाक है।

■ **नागरिक अस्पताल सहित निजी अस्पतालों व क्लीनिकों में बढ़ रही मरीजों की संख्या**

झज्जर। शहर के सीताराम गेट क्षेत्र में सप्लाई में आया दूषित पानी।

ये है बीमारी के लक्षण

वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर मोनिल कादियान ने बताया कि बुखार के साथ-साथ त्वचा और आंखों में पीलापन होना, भूख न लगना, बार-बार उल्टी आने का मन होना, शरीर में जल्द थकान हो जाना, पेशाब में पीलापन होना, जोड़ों में दर्द, खुजली इस रोग के लक्षण हैं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर मोनिल कादियान ने बताया कि पानी को उबाल कर और उसे ठंडा करके सेवन करें, ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें, ताजे फलों के जूस का सेवन करें, शरीर की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखे, घर से बाहर बनी चीजों के सेवन से परहेज करें।उन्होंने ने बताया कि यह एक वायरल संक्रमण है। बदलते मौसम के बीच दूषित पेयजल व असंतुलित आहार का प्रयोग करने से लोग इस बीमारी की चपेट में आ रहे है। इसका सबसे ज्यादा असर लीवर पर पड़ता है। उचित समय पर दवाई, आराम और संतुलित खानपान से पीड़ति लोग जल्द स्वस्थ हो सकते है।

दवाइयों के साथ पौष्टिक आहार का सेवन करें : वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर मोनिल कादियान ने बताया कि दवाइयों का नियमित तौर पर सेवन करने, पौष्टिक आहार के साथ बैड रेस्ट करने से लोग पखवाड़े भर में ठीक भी हो जाते है। लेकिन दिन-प्रतिदिन बढ़ रही इस रोग से पीड़ति लोगों की संख्या चिंता का विषय बनी हुई है।

बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई के लिए आज लगेगी अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार को उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि सुबह 11 बजे से एक बजे तक बिजली अदालत व 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन होगा। यह अदालत फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। इस मौके पर उपभोक्ताओं की शिकायतों पर सुनवाई कर समाधान किया जाएगा।

अग्निपथ योजना के कॉमन एंट्रेंस परीक्षा का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के निदेशक कर्नल भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत युवक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडसमैन दसवी पास व अग्निवीर ट्रेडसमैन आठवीं पास, युवतियां अग्निवीर और रेगुलर एंट्री के तहत उम्मीवार सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हवलदार, जेसीओ कैटरिंग और हवलदार (एजुकेशन) का कॉमन एंट्रेंस परीक्षा का रिजल्ट वेबसाइट पर अपलोड हो चुका है। सभी उत्तीर्ण उम्मीदवार अपने फिजिकल फिटनेस टेस्ट के लिए तैयारी करें।

सतबीर हत्याकांड : वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद

बहादुरगढ़। परनाला निवासी सतबीर की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए हत्यारोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयोग किया गया हथियार बरामद कर लिया गया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। गत 29 जून की सुबह आपसी रंजिश के चलते सतबीर को मौत के घाट उतारा गया था। बाइक सवार तीन हमलावरों ने उस पर गोलियां दागीं थी। जिनमें से दो हमलावर सप्ताभर पहले ही गिरफ्तार हुए थे। अब तीसरे आरोपी विकास को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

सफाई करते हुए सीवर में गिरे दो कर्मचारी

उपचार के बाद दोनों को छुट्टी मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्थानीय नागरिक अस्पताल में सीवरेज की सफाई करते समय दो सफाईकर्मी सीवर में गिर कर घायल हो गए। इस दुर्घटना में एक कर्मचारी को जहां कंधे में चोट आई वहीं दूसरे को कमर में हल्की चोट लगी। जानकारी के अनुसार अस्पताल में कार्यरत सफाईकर्मी विजय व राजकपूर नागरिक अस्पताल में गैस प्लांट के नजदीक सीवरेज की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान पहले एक कर्मचारी का पांव फिसला और वह सीवर में नीचे जा गिरा वहीं उसके बाद दूसरा भी गिर गया। घायल कर्मचारियों को तुरंत उपचार के लिए ले जाया गया। चिकित्सकों द्वारा दोनों कर्मचारियों को उपचार के बाद छुट्टी दे गई।

टांडाहेड़ी में देशी घी का भंडारा आज

बहादुरगढ़। आज मंगलवार को टांडाहेड़ी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में देशी घी से बने घेवर के भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए मनोनीत पार्षद चौ. भीम सिंह प्रणामी ने कहा कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। पहले सत्संग का आयोजन होगा। इसके बाद भंडारा शुरू होगा।

अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

बहादुरगढ़। सीआईए वन ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों के साथ दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। सीआईए प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही संदीप कुमार की टीम शहरी क्षेत्र में तैनात थी। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को काबू किया। उसके पास हथियार बरामद हुआ। उसकी पहचान हिमांशु निवासी लाइनपार के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। वहीं, सोनू कुमार की टीम ने लाइनपार क्षेत्र से मुकेश निवासी सुभाष नगर को काबू किया। उसके खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है।

लापता बेटे की तलाश में भटक रहे परिजन, दो सप्ताह बाद भी सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के जटवाड़ा मोहल्ला से लापता हुए 13 वर्षीय शाकिब का दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी कुछ सुराग नहीं लग पाया है। उसकी तलाश में माता, पिता इधर उधर भटक रहे हैं। कभी थानों के चक्कर लगा रहे हैं तो कभी बाजार में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। दरअसल, बिहार मूल का मंटू यहां जटवाड़ा मोहल्ला में परिवार सहित रहता है। इसका 13 वर्षीय बेटा शाकिब गत 15 जुलाई की दोपहर को घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया।

बहादुरगढ़। अपने लापता बेटे की फोटो दिखाते परिजन।

इसके बाद उन्होंने तलाश शुरू की। पुलिस को भी सूचना दी। इस संबंध में सिटी थाने में केस दर्ज हो चुका है। मंटू और उसकी पत्नी नरगिस अपने बेटे की तलाश में दो सप्ताह से इधर उधर भटक रहे हैं। तमाम बाजार, गलियां, सड़कें, मोहल्ले खंगाल चुके हैं। काफी दुकानदारों के सीसीटीवी चेक किए हैं। न केवल बहादुरगढ़ बल्कि हरियाणा तथा दिल्ली के कई थानों में दस्तक दे चुके हैं।

शाकिब के माता, पिता व अन्य भाई बहनों का हाल बेहाल है। मंटू का कहना है कि आखिरी बार सीसीटीवी में शाकिब रामबाग के पास नजर आया था। इसके बाद कहीं नहीं मिल सका है। उधर, पुलिस भी अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन प्रयास अभी तक सफल नहीं हो सके हैं। जांच अधिकारी प्रवीण कुमार का कहना है कि बच्चे को तलाशने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

झज्जर में 11 व बहादुरगढ़ के 12 परीक्षा केंद्रों पर होगी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से करवाने के लिए सोमवार को एडीसी जगनिवास ने लघु सचिवालय में जिला के अधिकारियों, ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक की। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से 30 व 31 जुलाई को ली जाने वाली इस परीक्षा के संबंध में उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें झज्जर में 11 और बहादुरगढ़ में 12 केंद्र शामिल हैं। तीस जुलाई को केवल सांयकाल सत्र में लेवल- थ्री की परीक्षा होगी। जिसमें लगभग 3902 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा 31 जुलाई को सुबह होने वाली लेवल टू की परीक्षा में लगभग 6931 तथा सांय को लेवल वन की परीक्षा लगभग 3183 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी जगह पर बायोमेट्रिक अटेंडेंस जरूरी है।

जिला प्रशासन
झज्जर

झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एडीसी जगनिवास।

सुबह 10 बजे तथा सायं तीन बजे होगी परीक्षा

एडीसी ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से जारी परीक्षा के शेड्यूल के अनुसार सुबह की परीक्षा 10 से 12:30 बजे तक तथा सायंकालीन परीक्षा सायं 3 बजे से 5:30 बजे तक होगी। सुबह की पारी के लिए परीक्षार्थियों को सुबह 9:00 से पहले पहुंचना होगा। वहीं दोपहर की पारी के लिए दोपहर 2:00 से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। उन्होंने बताया कि सुबह की पारी के लिए परीक्षार्थियों को 7:50 पर परीक्षा केंद्र के अंदर बायोमेट्रिक करवाते हुए एंट्री करवानी है, जबकि दोपहर की पारी के लिए 12:50 पर परीक्षार्थियों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस करवाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

BABA MASTNATH UNIVERSITY
Asthal Bohar, Rohtak-124021 (HR.)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
(Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in
महंत बालकनाथ योगी
Chancellor, BMU

Zero Admission Fee* BMU SCHOLARSHIP PROGRAMS
or Free Laptop*

Eligibility Criteria

Marks	Scholarship
85% Above	Upto 50%

Scholarship	Discount
Sibling Single Girl Physical Handicapped	Upto 25% OFF

New Programmes
VLDD (Veterinary Diploma)
B.Sc. Nursing
B.Sc. (Hon.) (Agriculture)

Admissions Open 2025-26

Programmes Offered by the University for Session 2025-26

FACULTY OF AYURVEDA	Fee Per Sem.
BAMS	2,25,000/-
FACULTY OF NURSING	
ANM/GNM	--------
B.Sc. Nursing	1,05,000/-
Post Basic B.Sc. Nursing	50,000/-
FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES	
D.Pharmacy	37,500/-
B.Pharmacy	45,000/-
M.Pharmacy	50,000/-
FACULTY OF PHYSIOTHERAPY	
BPT/ MPT	45,000/-
B.Sc. MLT/Optometry	31,000/-
FACULTY OF SCIENCES	
B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics)	11,000/-
M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics)	21,000/-
B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry)	11,000/-
M.Sc. (Botany, Zoology)	21,000/-
B.Sc. (Bio-Technology)	11,000/-
M.Sc. (Bio-Technology)	21,000/-
B.Sc. (Hons.) Agriculture	31,000/-

FACULTY OF LEGAL STUDIES	Fee Per Sem.
B.A.L.L.B • LL.B • LL.M	27,500/-
FACULTY OF MANAGEMENT AND COMMERCE	
BBA	15,000/-
BCA	17,500/-
MBA • MCA	26,000/-
B.Com. • M.Com.	11,000/-
FACULTY OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY	
B.Tech. (CSE, ME, CE)	30,000/-
M.Tech. (CSE, CE)	30,000/-
FACULTY OF HUMANITIES AND LIBERAL EDUCATION	
B.A.- Various Subject Combinations B.A. (Hons.) English B.A. Journ. & Mass Comm. B.Lib. & Info. Sci M.Lib. & Info. Sciences M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science)	11,000/-
M.A. Sanskrit • Shastri (UG)	2,500/-

Ph.D. (All Streams)
As Per UGC Norms.

Application Fee - 1000 || Admission Fee UG 7500, PG 12500 || Exam Fee - UG 2500, PG 3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Terms & Conditions Apply

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
29 जुलाई 2025

सहेली

विशेष : मित्रता दिवस
3 अगस्त

सावन में सहेलियों का साथ एक अलग तरह की खुशी देता है। सहेलियां मिलेंगी तो पुरानी यादों का झरोखा भी खुलेगा, ठंडी हवा की तरह तन-मन को पुलकित करेगा। सहेलियों का मिलते रहना बहुत जरूरी है, यह जीवन की नीरसता को छांटता है, भीतर उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है। एक तो सावन, ऊपर से मित्रता दिवस का अवसर हो तो अपने मैत्री भाव की पेंगे जरूर भरिए।

सहेलियों का ना बिसरने वाला मैत्री भाव

आवरण कथा
मोनिका शर्मा

सावन की रिमझिम में हर स्त्री का मन अपनी सखियों को याद करता है। इस हरियल मौसम में उनका दिल उम्र के कुछ पड़ाव पीछे चला जाता है। आज की आपा-धापी में सखियों संग खिलखिलाती कल के दौर की एक लड़की स्त्रीमन में दस्तक देती है। भूला-सा कुछ स्मरण हो आता है। स्नेह के सरस भाव से बंधी डोर कुछ प्यारे लम्हों को दिलो-दिमाग में बांध लेती है। अनुभूतियां ठहर-सी जाती हैं। जो संग-साथ के अनमोल पलों को याद करने की ओर मोड़ती हैं। साथ ही यह भी याद दिलाती हैं कि जीवन के हर दौर में सहेलियों का साथ जरूरी है। अपने करीबी रिश्तों-नातों से परे मन से जुड़ने वाले चेहरों संग प्रेमिल भावों को पोसने की सोच हमेशा रखनी चाहिए। ऐसे भाव जीवन से जोड़ते हैं और सदा जोड़े रखते हैं।

स्मृतियों का सुख

असल में स्मृतियों का अपना सुख है। सहेलियों के साथ बीते समय का अपना आनंद है। यादों में दस्तक देती दोस्ती, चेहरे पर मुस्कुराहट ले आती है। आंखों में एक स्नेहपूरित चमक उतरने लगती है। मुस्कुराहटों के साझेपन का उल्लास सावन में झरती बूंदों सा आंखों से बहने लगता है। साथ झूला झूलने वाली सहेलियां, तीज-त्योहार साथ मनाने वाली सखियां भी याद आती हैं। सहपाठी सहेलियों के साथ जीए आत्मीय पल और बचपन की खिलखिलाहट फिर लौट आती है। आखिर जीवन के सबसे प्यारे पड़ाव पर एक दूजे को चिढ़ाना और शरारतें करना, अपना मन कैसे भूल सकता है? मायके की यादों वाली पोटली में एक हिस्सा तो सहेलियों का ही होता है। औपचारिकताओं से परे यह सुख आत्मा की गहराई से जुड़ा होता है। तभी तो संजीवनी बन हमेशा मन को पोषण देता स्त्रियों का मैत्री भाव, पारिवारिक संबंधों से भी बढ़कर होता है। दुनियावी रीत निभाते हुए सखियों के रास्ते अलग हो जाते हैं। घर-बार बसाने के लिए सबकी अपनी-अपनी राह होती है। शहर क्या देश तक बदल जाते हैं। हां, वे मित्रता की अनमोल निधि को अपने साथ लाना नहीं भूलतीं। नए संसार में कभी ना रीतने वाले इसी खजाने से निकले खुशियों के पल उनके सहभागी होते हैं।

समाज से जुड़ा सखी भाव

स्त्रियों की संवेदनाएं स्वयं तक ही सिमटकर नहीं रहतीं। अपनी सखियों संग बना निश्छल नेह के नाते का यह जुड़ाव व्यक्तिगत चाहतों से ही नहीं, समाज-परिवार के दायित्वों से भी जुड़ा होता है। मेलजोल के समय उनकी बातों में परिवेश की चिंता भी होती है। कई स्त्रियां तो समाज की साझी समस्या का हल तलाशने के दौर में ही सहेली बनती हैं। उनका मन ही नहीं, विचार भी मिलते हैं। तर्क से ज्यादा भावनाओं के धरातल पर जीवन जीना हर स्त्री का नैसर्गिक गुण होता है। बस, मन जुड़ गया तो जुड़ गया। मित्रता के मार्ग में महिलाओं का मन नाप-तौल कर डग नहीं भरता। खुशी, उत्साह और उमंग समेटने का भाव सबसे ऊपर होता है। एक-दूजे के जज्बातों को समझना सबसे अहम होता है। शिकायतों के पुलिंदे भी अधिकार से खोले जाते हैं। स्त्रियों की दोस्ती के इंद्रधनुष में इंसानी जीवन का सतरंगी अंदाज पूरी ठसक से मौजूद रहता है।

तकनीकी से जुड़ते मन के तार

आभासी संसार ने पीछे छूटी अनुभूतियों से जोड़ने का काम किया है। तकनीकी मंचों पर अपनी खोई सखियों को ढूंढकर स्त्रियां बच्चों सी खिलखिलाती हैं। मानो खुद से ही फिर मुलाकात हुई हो। स्थिर से हो चले जीवन में एक हलचल सी महसूस होती है। भाव-विभोर हो अपने बच्चों, अपनी सखियों की तस्वीरें दिखाती हैं। समय के साथ बदलावों को लेकर कभी हैरान होती हैं तो कभी संयत हो जीवन के उतार-चढ़ाव के विषय में सोचने लगती हैं। जैसे मुड़कर देखती हों, ठहर कर सोचती हों। भूला-बिसरा सा फिर कुछ समेट लेना चाहती हों। उस दौर की बेरोक-टोक सी उजली हंसी अपने पल्लू की गांठ में बांध लेना चाहती हों। उसी आंगन में जाकर चहकना चाहती हों, जहां उनका बचपन बीता। बचपन, जिसका सबसे अहम हिस्सा तो सहेलियों के संग जिए लम्हे ही रहे। कितने सावन और वसंत इस यात्रा का हिस्सा रहे। वर्षों बाद आभासी संसार में जुड़ने भर से यह लगाव-चाव मन पर मौसम की घटाओं की तरह छाने लगता है। यह हमें आह्लादित कर देता है। ❀



बच्चों के लिए भी जरूरी है दोस्ती

बच्चे हों या बड़े, हर किसी के जीवन में दोस्त बहुत मायने रखते हैं, दोस्ती का बहुत महत्व होता है। दोस्त बनाने की कला, उनकी महत्ता को समझने और पूरी गंभीरता से दोस्ती निभाने का पाठ बच्चे अपने घर-परिवार से ही सीखते हैं। इसलिए सभी पैरेंट्स को इस बारे में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

परवरिश
सरस्वती रमेश

यह सही है कि बड़ों से अलग बच्चों की अपनी मासूम और प्यारी सी दुनिया होती है। इसमें घर-परिवार के सदस्यों के अलावा स्कूल में उनके संग पढ़ने वाले और आस-पड़ोस के दूसरे बच्चे भी शामिल होते हैं। यही उनके दोस्त बनते हैं, जिनके साथ वे खेलते हैं, खाते हैं, पढ़ते हैं, मस्ती करते हैं। कभी-कभी एक-दूसरे से रूठ जाते हैं फिर मनाते भी हैं। बच्चों की ये दोस्ती बहुत प्यारी होती है। बच्चे दोस्ती के मूल्य को समझें और उसे भावी जीवन में अच्छी तरह निभाएं, इसके लिए शुरुआत से ही पैरेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

बच्चे की भावनाओं को समझें: कई पैरेंट्स बच्चों की दोस्ती की भावना को लेकर गंभीर नहीं होते हैं। इससे उनके कोमल मन को चोट लग सकती है। जैसा राजू के साथ हुआ। दरअसल, राजू और सोनू बेस्ट फ्रेंड हैं। सोनू की बर्थ-डे पार्टी में जाने के लिए राजू कई दिनों से बहुत उत्साहित था। सोनू का घर राजू के घर से कुछ दूरी पर है, इसलिए वह अकेला नहीं जा सकता था। सोनू के बर्थ-डे पार्टी वाले दिन राजू ने अपनी मम्मी से सोनू के घर पहुंचाने के लिए कहा। लेकिन उसकी मम्मी ने मना कर दिया क्योंकि उन्हें पड़ोस में किटी पार्टी में जाना था। अपने बेस्ट फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में न जा पाने से राजू बहुत उदास हो गया। उसने अपने हाथों से सोनू को गिफ्ट देने के लिए प्यारा सा ग्रीटिंग कार्ड भी बनाया था। यह बात आपको छोटी सी लग सकती है लेकिन समझने वाली बात यह है कि बचपन की ऐसी मासूम दोस्ती से बच्चों का गहरा जुड़ाव होता है। यह जुड़ाव उनके भीतर भावनाओं और आपसी संबंधों के बीज बोता है। ये छोटी-छोटी खुशियां ही उनके मानसिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण की पूंजी होती हैं। उन्हें इन खुशियों से महरूम करना ठीक नहीं। उन्हें दोस्तों के घर आने-जाने दें, उन्हें एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होने दें। इससे आगे चलकर भी वे दोस्ती की महत्ता समझेंगे, उन्हें सामाजिकता का बोध होगा।

साथ खेलने दें: बच्चों की सबसे ज्यादा दोस्ती खेलने के दौरान ही होती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हर समय घर के भीतर ही रखते हैं। उन्हें बच्चों के कपड़े, जूते या हाथ गंदे होने और फिर बीमार होने या गलत सोहबत में पड़ने का भय सताता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि बच्चे साथ खेलने से परिवार के बाहर के लोगों से आत्मिक व्यवहार करना सीखते हैं। उनके साथ तालमेल बैठाना, बातचीत करना, शेयर करना, हारना-जीतना और छोटे-मोटे विवाद को निपटाना भी बच्चे दोस्तों के संग खेलने के दौरान ही सीखते हैं। ये सब बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होता है।

प्यार से समझाएं: अकसर बच्चे खेलते-खेलते आपस में झगड़ भी पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को दोस्त और दोस्ती के महत्व को प्यार से समझाना चाहिए, उनके बीच फिर से मेल कराने का प्रयास करना चाहिए। पुरानी बातों को याद दिलाकर अपने बच्चे के उस दोस्त की अच्छाइयों को बताना चाहिए। भूलकर भी बच्चों के आपसी विवाद में उनके पैरेंट्स से शिकायत नहीं करनी चाहिए और ना ही उनके घर झगड़ने जाना चाहिए।

मदद करना भी सिखाएं: अगर आपका बच्चा आपको बताता है कि उसका कोई दोस्त कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है तो पता करने की कोशिश कीजिए कि क्या बात है? हो सकता है वो बीमार हो या उसके घर में कोई परेशानी आ गई हो। संभव हो तो अपने बच्चे के साथ उसके घर जाइए। अगर वो बीमार है तो इसका मतलब है स्कूल में पढ़ाए जाने वाले उसके चैप्टर छूट रहे होंगे। ऐसे में आप अपने बच्चे को प्रेरित करिए कि ठीक होने पर कोर्स पूरा करने में वह अपने दोस्त की जरूर मदद करे। इससे बच्चा समझेगा कि संकट के समय अपने दोस्तों की हर संभव मदद करनी चाहिए। ❀

जब मौका हो फ्रेंडशिप-डे का तो आप अपनी सबसे प्यारी सहेली को कुछ यूनिक और स्पेशल गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। इस बार कुछ ऐसा दें, जो स्टाइलिश हो और आपकी फ्रेंड को स्पेशल भी फील कराए। जानिए, गिफ्ट के कुछ ऐसे ही यूनिक आइडियाज।

बेस्ट फ्रेंड को दें स्पेशल गिफ्ट

आइडिया
श्वेता आयंगर

उपहार हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम होता है। कई मौकों पर हम उपहार के जरिए ही अपनी भावनाओं को प्रकट कर पाते हैं। तो फिर आने वाले फ्रेंडशिप-डे पर अपनी बेस्ट फ्रेंड से दोस्ती के अनमोल रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए आप कुछ खास उपहार देकर इस दिन को यादगार बना सकती हैं। जरूरी नहीं आपका गिफ्ट बहुत कीमती हो, लेकिन उसमें आपकी दोस्ती की फीलिंग झलकनी चाहिए।

संजोकर दें खूबसूरत यादें: आप अपनी फ्रेंडशिप पीरियड की यादें जैसे बचपन, स्कूल, कॉलेज, साथ में बिताए पलों से जुड़ी तस्वीरें लेकर उनका सुंदर-सा कोलाज बनाकर या वीडियोज बनाकर अपनी फ्रेंड को तोहफे के रूप में दे सकती हैं। ये यादें आपकी सहेली के लिए बेहद खास होंगी। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड फोटो क्लॉक, डिजिटल फोटो फ्रेम, मेमोरी बुक या पिक्टोरियल मग आदि भी दे सकती हैं। हालांकि ये काफी पॉपुलर हैं लेकिन आपकी फ्रेंड को स्पेशल फील कराएंगे।

हुनर से सजा दें गिफ्ट: अगर आप थोड़ी क्रिएटिव हैं तो आप अपने हाथों से अपनी सहेली के लिए कार्ड, ब्यूटीफुल बैंड्स, रेजिन आर्ट की-चेन या कोस्टर आदि बनाकर उन्हें दे सकती हैं या अगर आप कुकिंग में एक्सपर्ट हैं तो उसकी पसंद की कोई डिश अपने हाथों से बनाकर खिला सकती हैं। अगर आपको कढ़ाई-बुनाई अच्छी तरह आती है, तो प्यारा सा स्टॉल, स्कार्फ, एक रूमाल का सेट (जिस पर दोस्त के नाम का पहला अक्षर उकेरा हो) भी डिजाइन करके दे सकती हैं। माना यह काफी पुराने तरीके हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। क्योंकि इस तरह के तोहफे आपकी दोस्ती के रिश्ते को और प्यारा-अटूट बना देंगे।

दे सकती हैं एसेसरीज: फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड को गिफ्ट में एसेसरीज देना भी अच्छा ऑप्शन है। आप अपनी बेस्ट फ्रेंड को कुछ अट्रैक्टिव-स्टाइलिश एसेसरीज गिफ्ट में देना चाहती हैं तो आप कुछ अलग तरह के एसेसरीज को चूज करें। इसमें आप फ्रेंडशिप बैंड्स, ब्रेसलेट, ईयर रिंग्स, लॉकेट, पेंडेंट, बेल्ट, पर्स, बैग्स, हेयर एसेसरीज आदि गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। ये आजकल स्टाइल स्टेटमेंट भी माने जा रहे हैं। इन्हें आपके फ्रेंड्स डेली यूज से लेकर पार्टी जैसे ऑकेजन में भी आसानी से कैरी कर सकते हैं। वहीं इनमें खास बात यह भी है कि इन एसेसरीज की डिजाइन को आप अपने दोस्त की पसंद के अनुसार भी कस्टमाइज करवा सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह के तोहफे आपके फ्रेंड को बहुत पसंद आएंगे।

प्रेम भरी पाती: आपके बेस्ट फ्रेंड के लिए सबसे अच्छा उपहार यह भी हो सकता है कि आप उसके लिए अपने मन की बात, कविता, फ्रेंडशिप से जुड़ी यादें, सब कुछ एक लैटर में लिखकर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह के खूबसूरत वुडेन लेटर होल्डर भी मिलते हैं। जिस पर नक्काशी किए हुए स्टैंड में एक खाली लैटरनुमा शीट होती है। यह खुशबूदार होता है। इस पर आप अपने दोस्त को संदेश लिखकर दे सकती हैं। इसके अलावा प्यारे बॉक्स भी आते हैं, जिसमें आप लैटर रखकर अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। इसे देखकर आपके दोस्त के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी। मोबाइल और इंटरनेट के इस युग में आपका दिया इस प्रकार का प्यारा और भावनाओं से भरा तोहफा यकीनन आपके दोस्त का दिल छू लेगा। ❀

(एसेसरीज एक्सपर्ट राही महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

प्यारे दोस्तों के लिए अट्रैक्टिव फ्रेंडशिप बैंड्स

ट्रेंड
श्रुति

बदलते ट्रेंड के साथ फ्रेंडशिप बैंड्स भी बदलते जा रहे हैं। अब इन बैंड्स में कई लेटेस्ट वैरायटीज भी अवेलेबल हैं, जो काफी अट्रैक्टिव लगती हैं। आप इनमें से कोई भी अपने प्यारे फ्रेंड के लिए चुन सकती हैं। मार्केट में खूबसूरत फ्रेंडशिप बैंड्स की ढेरों वैरायटी देखने को मिल रही हैं। इनमें सिंपल से लेकर डिजाइनर लुक तक की बड़ी रेंज मौजूद हैं। इन्हें फ्रेंडशिप के अलावा नॉर्मल डेज में भी बांधा जा सकता है।

थ्रेड बैंड्स: सबसे क्लासिक और इमोशनल टच वाला बैंड माना जाता हैं थ्रेड फ्रेंडशिप बैंड। थ्रेड वाले क्रोशिए के ब्रांडेड फ्रेंडशिप बैंड्स आउट ऑफ फैशन नहीं होते। थ्रेड्स को अलग-अलग रंगों में नॉट करके ब्रेडेड स्टाइल दी जाती हैं। इनमें आपको ढेरों कलर और डिजाइन की वैरायटी मिल जाएगी। वैसे आजकल मल्टीकलर थ्रेड बैंड्स, सिंगल कलर क्लासिक स्टाइल, ट्राइबल थ्रेड बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं।

चार्म ब्रेसलेट स्टाइल बैंड्स: चार्म बैंड्स युवा महिलाओं और कॉलेज गोइंग गर्ल्स के बीच बहुत ज्यादा पॉपुलर हैं। चार्म बैंड्स एक तरह के फ्रेंडशिप ब्रेसलेट होते हैं, जिनमें छोटे-छोटे मेटल, बीड या एक्रेलिक आइकन या फिगर लटकाए जाते हैं जैसे म्यूजिक नोटबुक, बटरफ्लाई मून, कॉफी कप, एनिमल, स्टार, कोट्स, एविल आई, लॉक-की, हार्ट या इंस्पायरिंग वर्ड आदि। इन्हें लकी चार्म माना जाता है। हर चार्म का कोई न कोई मतलब होता हैं। इन्हें एथनिक और इंडो वेस्टर्न दोनों स्टाइल की ड्रेस के साथ मैच किया जा सकता हैं। ये बैंड्स, लेयर्ड चेन या सिल्वर कंगन के साथ भी अच्छे लगते हैं। इस तरह के बैंड्स में, इनिशियल और मल्टी लेयर चार्म बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं। इसमें एक नहीं बल्कि चार-पांच चार्म फिगर लगे होते हैं, जो आपको अलग लुक देंगे।

डिजिटल फ्रेंडशिप बैंड्स: ये सबसे अलग और इनोवेटिव फ्रेंडशिप बैंड्स हैं, जो आजकल काफी छाए हुए हैं। इस तरह के बैंड्स आप अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। ये बैंड्स दिखने में बेहद स्टाइलिश लगते हैं। ये ऐसे बैंड होते हैं, जिसमें एक छोटा क्यू आर कोड प्रिंट या एम्बेडेड किया गया होता है। उस क्यू आर कोड को स्कैन किया जाता है तो वह आपकी ओर से रेडी किया गया कोई मैसेज, फोटो, वीडियो क्लिप, लिंक को खोलता है। ये बैंड्स आमतौर पर सिलिकॉन, लेदर या वाटरप्रूफ फैब्रिक के बने होते हैं। इन पर क्यूआर कोड को आर्ट की तरह डिजाइन किया जाता है। ❀

(एसेसरीज एक्सपर्ट स्मिता महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

जन्म के बाद नवजात शिशु को पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए जरूरी है कि मां की डाइट भी न्यूट्रिशस हो। वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक (1-7 अगस्त) के मौके पर आपको दे रहे हैं यूजफुल सजेशंस।

ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान ऐसी हो मां की डाइट

डाइट सजेशन
ललिता गोयल

बच्चे को जन्म देने के बाद हर मां चाहती है कि उसका शिशु हमेशा स्वस्थ रहे। इसके लिए शुरुआत के कुछ महीने मां का दूध सबसे अहम होता है। मां का दूध किसी भी नवजात शिशु की पहली खुराक होता है, जो उसे पोषण देने के अलावा उसकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और उसे बीमारियों से बचाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान मां का खान-पान भी शिशु की सेहत से जुड़ा होता है? मां जैसी डाइट लेगी, शिशु को वैसा ही पोषण मिलेगा। ऐसे में जरूरी है कि स्तनपान कराने वाली मांओं की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो मिल्क सप्लाई को बढ़ाए और मां-बच्चे दोनों की पोषक जरूरतों को पूरा कर सके। आइए जानते हैं लैक्टेटिंग मदर का डाइट प्लान कैसा होना चाहिए?

इन्हें करें डाइट में शामिल: ब्रेस्टफीडिंग के दौरान मां को प्रोटीन से भरपूर खुराक लेनी चाहिए। यह मांस-पेशियों को मजबूती प्रदान करता है।

- ब्रेकफास्ट में मूंग दाल, पनीर सैंडविच या ओटमील ले सकती हैं। ओटमील, मिल्क सप्लाई बढ़ाने में मददगार होता है। साथ में एक मुट्ठी भिगोया हुआ मेवा और एक गिलास गुनगुना दूध ले सकती हैं।
- लंच और डिनर में लैक्टेटिंग मदर रागी, ज्वार और गेहूं के आटे से बनी रोटी, हरी सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, सरसों का साग, मेथी का साग आदि खा सकती हैं। इससे उन्हें एनर्जी और फाइबर मिलेगा। हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी का अच्छा स्रोत होती हैं। इसके अलावा वे दही और चिया सीड्स भी ले सकती हैं।
- शाम के समय स्तनपान कराने वाली मांएं केला, संतरा, नाशपाती, आड़ू, सेब, खरबूजा, चीकू, आम, एवोकाडो आदि फल खा सकती हैं। ये फल ब्रेस्ट फीडिंग मदर के लिए बहुत सेहतमंद होते हैं।
- स्तनपान कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में आयरन रिच फूड्स लेने चाहिए। इसके लिए आयरन के कुछ सामान्य स्रोत जैसे दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां, तरबूज, अंडा और रेड मीट इत्यादि शामिल किए जा सकते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान: फीड कराने वाली मांओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- दिन में तकरीबन तीन बार पोषक आहार लें और नाश्ते को कभी स्किप न करें। इसके अलावा दो से तीन बार हल्की खुराक भी लेनी चाहिए।
- ज्यादा शुगर और फैट वाले आहार को कम मात्रा में लें।
- आलू के चिप्स, चॉकलेट, केक और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसे हाई फैट और शुगर वाली चीजों को ना लें या कम खाएं।
- अल्कोहल और धूम्रपान से बचें।
- स्तनपान के दौरान डाइटिंग करने से बचें।
- दूध और उससे बने प्रोडक्ट्स जैसे दही, पनीर को रोजाना की डाइट में शामिल करें। बादाम, अखरोट, काजू जैसे सूखे मेवे, मौसमी फल और हरी सब्जियां भी जरूर लें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें, इसके लिए दिनभर में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी, नीबू पानी जैसे हेल्दी ड्रिंक्स लें।
- इस दौरान ओमेगा-3 युक्त फूड्स जैसे अलसी के बीज या फिश का सेवन भी फायदेमंद रहता है। ❀

(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)

खबर संक्षेप

झज्जर। तीज महोत्सव कार्यक्रम के दौरान झूला झूलते हुए विद्यार्थी।

हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करवाने के लिए तीज महोत्सव कार्यक्रम जरूरी

झज्जर। सवेरा स्कूल परिसर में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण परिषद उपाध्यक्षा स्वप्निल मोहिनी पाटिल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को अपनी संस्कृति की समझ होती है। उन्होंने बच्चों को झूला भी झुलाया और बच्चों संग खुद भी झूलीं।

वहीं पौधारोपण करते हुए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र मलिक ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन विशेष तौर पर सवेरा स्कूल के विशेष बच्चों व उमंग जगन्नाथ आश्रम की बालिकाओं के लिए किया गया ताकि इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

संस्कारम पब्लिक स्कूल परिसर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया तीज पर्व

महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं : कृषि मंत्री

- जिले में 1.32 लाख रुपये की लागत से खुले 16 महिला सांस्कृतिक केंद्रों का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। स्वयं सहायता समूह की महिला को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। विधि संकाय के शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ उपस्थित महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

हरियाणवी संस्कृति की खुशबू, सावन की सौंधी मिट्टी और नारी शक्ति के स्वरूप को समर्पित हरियाली तीज महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम गांव खातीवास स्थित संस्कारम पब्लिक स्कूल परिसर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शामिल हुए, जिन्होंने प्रदेश सरकार की तरफ से भेजी गई कोथली का उपहार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को देते हुए तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं और जिले में 1.32 लाख रुपये की लागत से खुले 16 महिला सांस्कृतिक केंद्रों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति से जुड़ाव और नारी शक्ति की अभिव्यक्ति का पर्व है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए पंडालों का अवलोकन भी किया। उन्होंने हरियाणवी वेशभूषा में सजी महिलाओं द्वारा तैयार किए गए सावन के पारंपरिक पकवान गुलगुले, पुये और सुहाली का स्वाद लिया और उनकी प्रशंसा की। तीज कके पर्व पर महिलाएं हाथों में मेहंदी लगाई और और गीत गाए। इस दौरान डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, संस्कारम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर महिपाल, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि सहित अन्य भी मौजूद रहे।

ग्रामीण महिलाओं को किया संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक

झज्जर। संस्कारम विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा सोमवार को क्षेत्र के कस्बा बेरी में महिला अधिकार एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लगाए गए इस शिविर में घरेलू हिंसा, संपत्ति में अधिकार, विवाह संबंधी कानून और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं। विश्वविद्यालय के विधि संकाय की टीम ने घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता और महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए महिलाओं को बताया कि वे न्याय तक कैसे पहुंच सकती हैं। संस्कारम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल यादव ने अपने संदेश में कहा कि गांव की महिलाएं केवल परिवार का आधार नहीं, बल्कि समाज के निर्माण की धुरी है। जब महिलाएं अपने अधिकारों को जानती हैं, तभी वे अपने जीवन में आत्मबल, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का संचार करती हैं। उनके संस्थान का यह प्रयास इस विश्वास से प्रेरित है कि जागरुक नारी ही सशक्त भारत का मूल स्तंभ है। उन्होंने कहा कि आज के ग्रामीण परिवेश में विधिक जानकारी की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि अनभिज्ञता ही शोषण का सबसे बड़ा कारण बनती है। शिविर में उपस्थित महिलाओं ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से हम सभी को कानूनी अधिकारों को समझने का अवसर मिला है। यह हमारे लिए बेहद कारगर साबित होगा।

शिक्षण पेशे में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया

बहादुरगढ़। शिक्षकों और विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य व भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की पहल मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ाने कार्यक्रम के तहत हुई। कार्यशाला का संचालन कुमारी तमन्ना मलिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की निदेशिका संगीता वर्मा और प्रिंसिपल अनिल कुमार के स्वागत भाषण से हुई। वर्मा ने शिक्षण पेशे में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया और ऐसे आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया। इस दौरान प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य के निर्धारक, तनाव प्रबंधन, माइंडफुलनेस अभ्यास, समय प्रबंधन तकनीक और विश्राम विधियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला को संवादात्मक और व्यावहारिक बनाने के लिए गतिविधियों और संसाधनों का भी प्रयोग किया गया। तमन्ना मलिक ने कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को तनाव के कारणों की पहचान करने, प्रभावी मुकाबला तंत्र अपनाने और कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने के लिए उपयोगी रणनीतियां साझा कीं।

बहादुरगढ़। कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

शिविर में एसडीएम ने जन समस्याओं का किया निदान

समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

बेरी। सोमवार उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। बीडीपीओ राजाराम, बीएओ डॉक्टर अशोक रोहिल्ला, एसईपीओ सत्यवान, जेई प्रवीण कुमार, योगेश कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

एचडी साल्हावास के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

झज्जर। होनहार खिलाड़ी व प्रशिक्षक विजय चिन्ह बनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

- एचडी साल्हावास की लड़कियों ने 17 स्पर्धाओं में प्रथम स्थान व तीन स्पर्धाओं में द्वितीय स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजीव गांधी खेल स्टेडियम साल्हावास में लड़कियों के वर्ग की खंडस्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें एचडी साल्हावास की लड़कियों ने 17 स्पर्धाओं में प्रथम स्थान व तीन स्पर्धाओं में द्वितीय स्थान हासिल किया। संस्थान के एथलेटिक्स कोच रवींद्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-19 में नंदिता 400 मीटर दौड व हाई जम्प, स्नेहा ने 200 मीटर व 800 मीटर दौड, गीत 1500 मीटर व 4 किलोमीटर दौड़, रितिका भाला फैंक व चक्का फैंक में प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-17 में साक्षी 100 मीटर दौड़ व कुश्ती में प्रथम स्थान व रूचिका ने गोला फैंक, व वर्तिका ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर-14 में पलक 400 मीटर व 600 मीटर, हिमानी साल्हावास लम्बी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं निधि 200 मीटर दौड में द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-14 व अंडर-19 रिले रेस की टीमों ने भी प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-14 बास्केटबाल टीम प्रथम स्थान पर रही। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्य सतबीर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महाविद्यालय में उत्साह से मना तीज महोत्सव

- कार्यक्रम का शुभारंभ इको क्लब की ओर से पौधरोपण अभियान के साथ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान झूला झूलतीं प्रिंसिपल व अन्य शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय में तीज महोत्सव का आयोजन पारंपरिक उत्साह, सांस्कृतिक उल्लास और सामाजिक चेतना के साथ किया गया। प्राचार्या अल्का गुलाटी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ इको क्लब की ओर से पौधरोपण अभियान के साथ किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं व शिक्षकों ने महाविद्यालय परिसर में नीम, पीपल, अशोक, गुलमोहर आदि विभिन्न छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति जागरूक करना एवं प्रकृति से उनका जुड़ाव मजबूत करना था। प्राचार्या ने स्वयं पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की और छात्राओं को यह संदेश दिया कि हर पौधा हमारे भविष्य की सुरक्षा का प्रतीक है। कार्यक्रम में डॉ. सुदेश राठी, डॉ. शिल्पा, संगीता, सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। पौधारोपण कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने हरियाणवी पारंपरिक परिधानों में सजकर लोक नृत्य, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से तीज की परंपरा को जीवंत किया। छात्राओं ने पारंपरिक झूलों पर झूलते हुए तीज गीतों की मधुर स्वर लहरियां बिखेरीं और मेंहदी रचाते हुए आपस में तीज की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या ने कहा कि तीज केवल एक पर्व नहीं, स्त्री सशक्तिकरण, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सौहार्द्र का प्रतीक है। सांस्कृतिक सोसाइटी संयोजिका डॉ. सीमा धनखड़ सहित अन्य स्टाफ सदस्य इस अवसर पर मौजूद रहे।

भारत रक्षा मंच का अभ्यास वर्ग संपन्न

बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते संजीतमंच के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। भारत रक्षा मंच का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग महेश्वरी भवन बहादुरगढ़ में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंच के संस्थापक सूर्यकांत केलकर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, शशांक चोपड़ा, सत्यनारायण बिरला और राजेंद्र ढाका आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सूरजभान राठी को प्रांत उपाध्यक्ष, संतोष सोलंकी को महिला प्रकोष्ठ की प्रांत उपाध्यक्ष, चुन्नीलाल जी को प्रांत कोषाध्यक्ष, डॉ आरके राठी को जिला विधि प्रमुख, रिंकू को जिला युवा कार्यकारिणी प्रमुख, अभिषेक को तहसील युवा प्रमुख, शकुंतला को महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, मनीष, नेत्रपाल, धर्म सिंह सिवान, जयभगवान, विजय अमित , रेखा यादव को मंच की जिला इकाई में विभिन्न दायित्व दिए गए।

रेलवे पार्क में हुआ भव्य आयोजन

बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उमड़ी लोगो की भीड़। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। हरियाली तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में रेलवे पार्क में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। वार्ड पांच सहित लाइनपार के काफी लोगों ने उत्साह के साथ महोत्सव में भाग लिया। महिलाओं ने एक दूसरे को तीज की बधाई दी। भजन, कीर्तन आदि किए। महिलाओं ने मेहंदी लगवाई और झूले का आनंद लिया। पार्षद प्रतिनिधि कर्मवीर शर्मा ने कहा कि हमारे वार्ड में प्रत्येक त्योहार बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। त्योहार हमें मिलजुल कर रहने और एकता का संदेश देते हैं।

सूचना

मैं, श्रीमती सुनीता पत्नी श्री बिजेन्द्र निवासी मकान नं. 445-ए/2, गली नं. 7, न्यू पटेल पार्क, लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र राहुल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

मैं, राजबीर पुत्र श्री चन्द्रभान निवासी गांच सांखौल तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर, हरियाणा 124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जतिन व पुत्रवधु पिंकी मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

मैं मिनाक्षी पत्नी स्व. छोटे लाल निवासी गांव आसोदा-टोडरान तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर बयान करती हूं कि मेरे पुत्र गौतम दलाल की जन्म तिथि 24.09.2007 है। मेरे पुत्र गौतम दलाल की दसवीं कक्षा (रजिस्टेशन नम्बर-H225/41098/0035) व बारहवी कक्षा (रजिस्टेशन नम्बर-HR123/41098/0050) में उसके पिता का नाम गलती से Chotte Lal लिखा हुआ है, जबकि सही नाम Chhote Lal है। मेरे पति की मृत्यु हो चुकी है और मैं अपने पुत्र गौतम दलाल की दसवीं व बारहवी कक्षा की मार्कशीट में अपने लड़के के पिता का नाम Chhote Lal दर्ज करवाना चाहती हूं।

PUBLIC NOTICE
In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh
Jagwanti Versus Smt. Saroj etc.
To,
1. Smt. Saroj D/o Smt. Kalawati D/o Manphool 2. Simple D/o Smt. Kalawati D/o Manphool 3. Pushpender S/o Surender S/o Dayanand 4. Vedpal Singh S/o Manphool Singh S/o Sobha Ram 5. Kanta D/o Rajender Singh S/o Manphool Singh 6. Kamla D/o Manphool Singh S/o Sobha Ram 7. Rajpal Singh S/o Manphool Singh S/o Sobha Ram 8. Sumitra Devi Wd/o Dharam Singh S/o Tale Ram 9. Poonam Rani D/o Dharam Singh S/o Tale Ram 10.Mamta D/o Dharam Singh S/o Tale Ram 11.Deepak S/o Dharam Singh S/o Tale Ram 12.Smt. Manita Devi Wd/o Surender S/o Dayanand 13.Sheetal D/o Surender S/o Dayanand 14.Kamlesh D/o Surender S/o Dayanand 15.Veerbhan S/o Dayanand S/o Tale Ram 16.Pardeep S/o Virender Singh S/o Dayanand 17.Virender Singh S/o Dayanand S/o Tale Ram
All Rs/o Village Bhaproda, Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents name above to appear before this court on 13-08-2025 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them.
Given under my hand and the seal of the court.
AC 1st Grade, Bahadurgarh

सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया

खंड स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का आगाज

- खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने रिबन काट कर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। खेलों का शुभारंभ करते बीईओ शेर सिंह। फोटो :हरिभूमि

सोमवार को बहादुरगढ़ ब्लॉक की खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हो गया। पहले दिन लड़कियों के मुकाबले हुए। सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सोमवार को लड़कियों की अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग प्रतियोगिताएं हुईं। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने रिबन काट कर किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने व नशे से दूर रहने को प्रेरित किया। कबड्डी अंडर 14 लड़कियों में इस्माइलपुर की टीम ने सोलधा को हराया व अंडर-17 आयु वर्ग में बहादुरगढ़ की टीम ने जसोर खेड़ी को परास्त किया। खो-खो अंडर 14 में डीआरए स्कूल माजरी ने रणबीर सिंह मेमोरियल स्कूल को हरा दिया। डीपीई शमशेर, सतीश कुमार, मंजीत सिंह, सुनील खत्री, सुनील राणा, विजय छिल्लर, रवींद्र सुरेश, दिनेश, संजय, जय सिंह, सोनिया, मंजू, देवेंद्र, अंजू, पूनम, गीता, जितेंद्र, बिजेंद्र व नीलम सहित कई अन्य शारीरिक शिक्षक इस अवसर पर मौजूद रहे। वहीं एक अगस्त से लड़कों की अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। खंड स्तर पर कबड्ड़ी, खो-खो, वॉलीबाल, फुटबाल, एथलेटिक्स, योगा, चेस, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती, क्रिकेट, नेटबाल व बास्केटबॉल की खेल प्रतियोगिताएं होंगी।

बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

सिद्दीपुर लोवा में विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया

बहादुरगढ़। सोमवार को गांव सिद्दीपुर लोवा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस की सड़क सुरक्षा सेल ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छात्रों को समझाया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करने, हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने और नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे जरूरी सुझाव दिए। इस मौके पर विद्यार्थियों को शिक्षा और खेलों के महत्व के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने यातायात नियमों के पालन और नशा न करने की शपथ ली।

खबर संक्षेप

झज्जर। बिजली मोटर दान करते हुए जोरावर सिंह। फोटो : हरिभूमि

विद्यालय को दान की बिजली मोटर

झज्जर। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को पौधों में पानी देने के लिए ढाकला गांव के मूल निवासी जोरावर सिंह द्वारा पंप सहित बिजली की मोटर दान की गई है। प्राचार्य वेद प्रकाश ने इस मदद पर आभार जताते हुए बताया कि जोरावर सिंह भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त है। वे पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत परिवार के सदस्यों के साथ विभिन्न पार्कों व सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण भी कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार को विद्यालय परिसर में कई पौधे लगाए।

आज प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

बहादुरगढ़। ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन की बहादुरगढ़ यूनिट के अंतर्गत आने वाली सभी सब यूनिटों से जुड़े कर्मचारियों द्वारा आज मंगलवार को प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

आगामी चार अगस्त को कार्य बहिष्कार की घोषणा

जियो फेंसिंग उपस्थिति प्रणाली को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सोमवार को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा काले बिल्ले लगाकर जियो फेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रणाली का विरोध जताया गया। स्थानीय नागरिक अस्पताल के सामने खड़े होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों ने इस संबंध में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि यह सांकेतिक विरोध प्रदर्शन है। यदि सरकार द्वारा इस प्रणाली को वापिस नहीं लिया तो वे आगामी चार अगस्त की सुबह दस बजे से ग्यारह बजे तक प्रदेशभर में एक घंटे तक कार्य का बहिष्कार करेंगे।

एचसीएमएस एसोसिएशन की जिला प्रधान अंजू चाहार ने बताया कि यह सांकेतिक प्रदर्शन प्रदेशभर में किया जा रहा है जिसका निर्णय एसोसिएशन प्रधान डॉक्टर राजेश ख्यालिया की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग अधिकारी-कर्मचारी तालमेल कमेटी की वर्चुअल राज्य स्तरीय बैठक में लिया गया।

निर्णय के अनुसार सभी जिला मुख्यालयों व सीएमओ कार्यालयों के बाहर गेट मीटिंग का आयोजन कर ज्ञापन भी सौंपे जाएंगे। यदि सरकार तब भी उनकी बात नहीं मानती है तो आंदोलन की अगली रणनीति के लिए दस अगस्त को पुनः बैठक कर नए आंदोलन की घोषणा की जाएगी। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि बीती आठ जुलाई को वे इस विषय में स्वास्थ्यमंत्री आरती सिंह राव को भी ज्ञापन सौंप चुके हैं। उनके सकारात्मक आश्वासन के बावजूद भी कुछ अधिकारी निजी स्तर पर टकराव की स्थिति बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब पहले से ही बायोमेट्रिक प्रणाली कार्यरत है, तो जियो फेंसिंग जैसी निजता का उल्लंघन करने वाली प्रणाली लादना गैर-व्यावहारिक और असंवैधानिक है।

प्रदर्शन के दौरान एचसीएमएस एसोसिएशन से डॉक्टर अजय सिंगला, डॉक्टर गुरजीत सिद्धू, डॉक्टर यशपाल मोमिया, डॉक्टर मोहित, डॉक्टर सुरेंद्र दहिया, एनएचएम एसोसिएशन के महासचिव डॉक्टर अरुण कुमार, एमपीएचडब्ल्यू पुरुष एसोसिएशन के जिला सचिव आनंद मदाना, फार्मेसी एसोसिएशन राज्य प्रधान जगदीप सिंह, मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन से जयवीर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

झज्जर। नागरिक अस्पताल के गेट के बाहर काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

एनएचएम कर्मचारियों का भी छलका दर्द

एनएचएम कर्मियों ने भी अपने लंबित वेतन और अन्य मांगों को लेकर सरकार के प्रति आक्रोश जताया। एसोसिएशन के प्रवक्ता संदीप जांगड़ा ने बताया कि उन्हें पिछले तीन-चार माह से वेतन नहीं मिला। जिस कारण उन्हें घर चलाने में कठिनाई आ रही है। उनकी लंबित मांगों को लेकर राज्य स्तर पर हुई बैठक में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को ज्ञापन भी सौंपा गया था लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया।

जियो फेसिंग के विरुद्ध स्वास्थ्यकर्मी भड़के

डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ आदि ने काले बिल्ले लगाकर किया काम

बहादुरगढ़। सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में लागू की जा रही जियो फेसिंग आधारित अटेंडेंस प्रणाली के खिलाफ सोमवार को बहादुरगढ़ सहित जिलेभर में स्वास्थ्यकर्मियों का आक्रोश फूट पड़ा। नागरिक अस्पताल से लेकर अन्य स्वास्थ्य केंद्रों तक डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ ने काले बिल्ले लगाकर विरोध दर्ज कराया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बहादुरगढ़ में इसका असर देखने को मिला। यहां स्वास्थ्य कर्मियों, डॉक्टरों ने प्रदर्शन तो किया ही। साथ ही काले बिल्ले लगाकर सेवाएं दीं। प्रदर्शन कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि जियो फेसिंग तकनीक से हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी, जिससे उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गोपनीयता खतरे में पड़ जाएगी। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. उरेंद्र सिंह ने कहा कि, यह तकनीक न केवल असंवैधानिक है, बल्कि कर्मचारियों में असहजता और भय का माहौल भी पैदा करेगी। स्वास्थ्य कर्मियों ने आशंका जताई कि इस प्रणाली के जरिए उनका निजी डेटा लीक हो सकता है, जिससे साइबर सुरक्षा का खतरा उत्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि वे पूरी ईमानदारी से समय पर ड्यूटी निभा रहे हैं, ऐसे में निगरानी आधारित कोई भी व्यवस्था न केवल अपमानजनक है, बल्कि कर्मचारियों का मनोबल भी तोड़ेगी। स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने इस निर्णय को जल्द वापस नहीं लिया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निजता से जुड़े मुद्दों की अनदेखी हुई, तो वे हड़ताल पर भी जा सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होंगी।

बहादुरगढ़। जियो फेसिंग के विरुद्ध प्रदर्शन करते डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

वेतन न मिलने से परेशान एनएचएम कर्मियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन न मिलने सहित अन्य मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। नाराज कर्मचारियों ने सोमवार को इकट्ठे होकर प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार को चेतावनी दी है कि यदि जल्द वेतन जारी नहीं किया गया तो वे पेन डाउन हड़ताल पर चले जाएंगे।

कर्मचारियों ने बताया कि बीते तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कुछ कर्मचारी अपने बच्चों की स्कूल फीस भी समय पर नहीं भर पा रहे हैं। विभिन्न विभागों में कार्यरत एनएचएम कर्मियों ने कहा कि वे शिद्दत से अपना काम करते हैं लेकिन बदलते में उन्हें उनका मेहनताना समय पर नहीं मिल रहा है। कुछ अन्य मांगें भी लंबित हैं।

अगर सरकार ने जल्द संज्ञान नहीं लिया तो मजबूर होकर पेन डाउन हड़ताल का रास्ता अपनाया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि सभी बकाया वेतन को शीघ्रता से जारी किया जाए और भविष्य में वेतन भुगतान में इस तरह की देरी न हो, ताकि वे बिना मानसिक तनाव के अपनी सेवाएं दे सकें। डॉ. प्रवीण, डॉ. कमल, सीमा, रितु, रीना, प्रवीण, सोनिया, सुमन, नर्सिंग आफिसर प्रीति, ईएमटी राकेश, डॉ. चालक तीर्थ सहित अन्य कर्मचारी इस अवसर पर मौजूद रहे।

बहादुरगढ़। मांगों को लेकर इकट्ठे हुए एनएचएम के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी।

बहादुरगढ़। समापन अवसर पर अतिथियों, आयोजकों व अन्य मेडलिस्ट के साथ लावण्या। फोटो : हरिभूमि

योगासन चैंपियनशिप में लावण्या ने जीते दो गोल्ड

बहादुरगढ़। शहर की निवासी लावण्या ने सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 योगासन चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल जीतकर इलाके का नाम रोशन किया है। जीत के साथ ही नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। यह प्रतियोगिता 25 से 27 जुलाई तक महेंद्र गढ़ के कनीना में स्थित जीआर इंटरनेशनल स्कूल में हुई थी। बाल भारती स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा लावण्या ने भी भाग लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। लावण्या ने अंडर-19 आयु वर्ग में इंडिविजुअल ट्रेडिशनल इवेंट और सिंगल आर्टिस्टिक इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए। अब लावण्या का चयन सीबीएसई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए हो गया है, जो सितंबर माह में सहारनपुर में आयोजित की जाएगी। लावण्या की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, प्रशिक्षकों और परिजनों ने गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने लावण्या को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं।

वन रैंक वन पेंशन में विसंगतियों को दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पूर्व सैनिकों ने सरकार से आठवें वेतन आयोग को सौंपे जाने वाले कार्यों में पूर्व सैनिकों के हितों का भी ध्यान रखने की मांग की है। साथ ही वन रैंक वन पेंशन योजना की विसंगतियों को दूर करने की मांग भी की गई है।

त्रिवेणी पूर्व सैनिक संगठन ने सोमवार को हरियाली तीज का पर्व बहादुरगढ़ के आर्य नगर की गली नंबर-6 में स्थित संगठन कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। समस्त देश की खुशियों के लिए कामना व्यक्त की गई। इस अवसर पर आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याओं और संगठन संबंधी विषयों पर भी विचार विमर्श किया। बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा गठित किए जाने वाले आठवें वेतन आयोग के कार्यों में पूर्व सैनिकों के हितों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में शामिल पूर्व सैनिकों ने वन रैंक वन पेंशन योजना में मौजूद विसंगतियों को भी दूर करने की मांग की। सूबेदार मेजर धर्मवीर कादयान ने सभी पूर्व सैनिकों से त्रिवेणी पूर्व सैनिक संगठन को पूर्ण अनुशासन के साथ चलाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान श्रीनिवास छिकारा ने की। कप्तान राजेंद्र, सूबेदार विजयपाल दलाल, अजीत, देवेंद्र राणा, हवलदार भूपेंद्र, सुरेश, तारीफ सिंह, रण सिंह सांखोल, नायक रामवीर राठी, श्रीभगवान और सोमपाल व धनराज तहलान सहित बैठक में काफी संख्या में पूर्व सैनिक शामिल रहे।

बहादुरगढ़। बैठक को संबोधित करते सूबेदार मेजर धर्मवीर कादयान। फोटो : हरिभूमि

बहादुरगढ़। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

द्वारका, नोएडा में छाए बीआरजी के धावक

बहादुरगढ़। द्वारका और नोएडा में हुई दौड़ प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावक छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए कई धावकों ने मेडल जीते। ग्रुप के दीपक छिल्लर ने बताया कि द्वारका में कारगिल विजय दिवस रन का आयोजन हुआ था। इसमें 45 से 59 आयुवर्ग की दस किमी रन में रवींद्र मलिक ने दूसरा, मेजर कुलवंत ने चौथ, नवीन ने आठवां स्थान हासिल किया। वहीं 40 प्लस आयुवर्ग की दस किमी रन में सत्यवान ने पहला स्थान हासिल किया। कृष्णा ने 60 प्लस की 10 किमी रन में पहला स्थान पाया। वहीं, इसी आयुवर्ग की पांच किमी में बालकिशन दूसरे स्थान पर रहे। राजेश कुमार, विजेंद्र, राजीव ने 35 से 59 आयुवर्ग में क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि 21 किमी 45 एज महिला ग्रुप में ललिता पांडे पहले, पुरुष वर्ग में राकेश पहले और ओपन में सनी तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की पांच किमी रन में संजू शीर्ष स्थान पाया। प्रतिभागियों ने देशभक्ति और सम्मान की भावना के साथ दौड़ पूरी कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राजिंदर पाल पहले और शमशेर दूसरे स्थान पर रहे। अभय टेटे, अतुल उपाध्याय, देवेश, रोशनी, प्रमोद कुमार, नवीन सिंह, आकाश कुमार, रवींद्र आर्य, विकास राठी, नीरज राठी, कुलवंत सिंह, दीपक छिल्लर, नसीब चंद, बलकिशन, मीनाक्षी अरोड़ा, सत्यवान, कौशल शर्मा, मुंशीराम शेखावत, विजय वरुण, राजेश कुमार, सनी, विजेंद्र कुमार सहित अन्य ने दौड़ पूरी की।

सीनियर वाटर पोलो टीम का चयन

बहादुरगढ़। एचएल सिटी में स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में हरियाणा की सीनियर वाटर पोलो टीम का चयन किया गया। हरियाणा वाटर पोलो बॉयज और गर्ल्स टीम में 14-14 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष और हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल खत्री की देखरेख में टीम के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। अनिल खत्री ने बताया कि सीनियर नेशनल वाटरपोलो चैंपियनशिप अहमदाबाद में 13 से 17 अगस्त तक आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के स्विमर भी हिस्सा लेने जा रहे हैं। हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव और हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री का कहना है कि जल्द ही चयनित बॉयज और गर्ल्स दोनों ही टीमों का एक कैंप लगाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें खेल किट भी प्रदान की जाएगी। इतना ही नहीं खिलाड़ियों के आने जाने और ठहरने की व्यवस्था भी हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से की जाएगी। स्विमिंग कोच एवं सलेक्शन कमेटी के सदस्य कोच साई जाधव और पदमपाल शर्मा ने सीनियर वाटर पोलो गर्ल्स टीम और बॉयज टीम के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के सदस्य सुरेश जून, इंस्पेक्टर विकास कादयान, बलवान कादयान, प्रवीण और कोच मोनू आदि उपस्थित रहे।

बहादुरगढ़। ट्रायल शुरू कराते महासचिव अनिल खत्री। फोटो : हरिभूमि

बैडमिंटन स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

बहादुरगढ़। एचएल सिटी में सोमवार को 14वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिले भर के काफी खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैडमिंटन एसोसिएशन झज्जर के सचिव मनोज शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों व अतिथियों ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। लगभग सवा 300 लड़के, लड़कियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर-11, 13, 15 और अंडर-17 श्रेणियों में मुकाबले हुए। अंडर-11 बीएस में ध्रुव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में ध्रुव ने प्रियांश को पराजित किया। जबकि शौर्यवीर और कनिष्क ने क्वार्टरफाइनल तक पहुंचकर सभी को प्रभावित किया। अंडर-13 में उत्सव प्रकाश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेदांत सिंह को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में अभिनव ने शौर्यवीर को हराया। अंडर-15 में अभिनव और दक्ष यादव के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। सेमीफाइनल में अभिनव ने हितेश को 21-9 से हराया। जबकि दक्ष यादव ने लक्ष्य मलिक को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अंडर-17 में मुकाबले काफी रोमांचक रहे। परीक्षु नारा, निशांत और हर्षित जैसे खिलाड़ियों ने अंतिम 16 तक पहुंचकर उत्कृष्ट खेल दिखाया। सचिव मनोज शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। बेहतरीन मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। अपने वर्ग में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बहादुरगढ़। विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते पदाधिकारी।

अवैध कॉलोनी काटने पर जताई नाराजगी

बहादुरगढ़। भाजपा नेता जसबीर सैनी का कहना है कि सत्ता की आड़ लेकर कुछ लोग अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। बहादुरगढ़ के एचएसआईआईडीसी के निकट भी अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। जिन लोगों पर जनता की सेवा करने की जिम्मेदारी है, वे ही ये काम कर रहे हैं। जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष अवैध कॉलोनी काटने वाले लोगों की सूची दी जाएगी और कार्रवाई की मांग की जाएगी।

15 निजी स्कूलों ने यू डायस में विद्यार्थियों की प्रोग्रेशन एक्टिविटी अपडेट नहीं की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा यू-डायस पोर्टल पर विद्यार्थियों की प्रोग्रेशन एक्टिविटी (कक्षा प्रमोशन) को लेकर चलाए जा रहे अभियान में अधिकांश स्कूलों ने सहयोग किया है, लेकिन ब्लॉक के 15 निजी स्कूल अब भी पिछड़ रहे हैं। इन स्कूलों को दो दिन का समय दिया गया है। यदि इस समयावधि में यू डायस अपडेट नहीं किए जाते हैं तो इन स्कूलों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू हो सकती है।

खंड के एमआईएस को-ऑर्डिनेटर सीमा और लेखाकार अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बहादुरगढ़ खंड के सभी 155 सरकारी स्कूलों ने यू-डायस पोर्टल पर विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट करने की प्रक्रिया पूरी कर दी है। वहीं 169 निजी विद्यालयों में से 154 स्कूलों ने प्रोग्रेशन एक्टिविटी को अपडेट किया है, जबकि 15 निजी स्कूलों ने अब तक यह कार्य पूरा नहीं किया है। यू-डायस पोर्टल पर यह गतिविधि छात्रों की प्रोफाइल, नामांकन, कक्षा प्रमोशन और स्कूल छोड़ने की स्थिति जैसे अहम डाटा को सटीक रखने में मदद करती है।

शिक्षा विभाग ने इन 15 स्कूलों की सूची उच्च अधिकारियों को भेज दी है। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने बताया कि इन स्कूलों को दो दिन का समय दिया गया है। यदि निर्धारित समय सीमा में प्रोग्रेशन एक्टिविटी अपडेट नहीं की गई, तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी स्कूल को यू-डायस पोर्टल पर कार्य करने में तकनीकी दिक्कत आ रही है, तो वे खंड कार्यालय में एबीआरसी प्रिया राठी या बीआरपी अर्चना शर्मा से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

बहादुरगढ़। कार्यालय में चल रही यू डायस संबंधित प्रक्रिया।

मनोनीत पार्षद राजबाला का सम्मान

बहादुरगढ़। दुर्गा कॉलोनी में लोक गायिका राजबाला को मनोनीत पार्षद व भाजपा जिला महामंत्री बनाए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता व विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक, नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए। दिनेश कौशिक ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। राजबाला ने नई जिम्मेदारी को गर्व का विषय बताते हुए पार्टी व जनता के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। सरोज राठी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कही। अंत में अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम में मानसिंह दलाल, जगबीर फौजी, संजीव शर्मा, शमशेर फौजी, ब्रह्म प्रकाश अत्री सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बहादुरगढ़। कार्यक्रम को संबोधित करते दिनेश कौशिक।

झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में शिव का जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु।

सावन के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर किया जलाभिषेक

झज्जर। सावन के तीसरे सोमवार को शहर के शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते हुए शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। सृष्टि की रक्षा करने के लिए भगवान शिव ने विष ग्रहण कर लिया था। जिसका प्रभाव कम करने के लिए देवताओं द्वारा उन पर जल अर्पित किया गया था।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
सभी सरकारी सेवा में मान्य
- आंगनबाड़ी सुपरवाईजर / सहायक / कार्यकर्ता
- PHYSICIAN ASSISTANT
- MULTI PURPOSE HEALTH WORKER
- HEALTH SANITARY INSPECTOR
- AYURVEDIC PHARMACY (DAP)
- DENTAL HYGIENIST / MACHENIC
- C.M.S. & ED / FIRST AID
- MEDICAL LAB/ X-RAY TECH.
- OPRATION THEATORE TECH.
- OPTHALMIC ASSISTANT (DOA)
- COMMUNITY HEALTH/EMT
- FOOD SAFETY / VETERNARY INSPECTOR
- PLASTER, DRESSER, NTT, PT, CTT
- BAMS (ALT), BEMS (EH)

Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221